# सामुदायिक विज्ञान महावविद्यालय में अन्वेषण कार्यक्रम 2025 का आयोजन

पंतनगर। 30 अक्टूबर 2025। विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में विश्वविद्यालय स्तर पर अन्वेषण 2025 का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सामाजिक विज्ञान, मानविकी, व्यावसायिक प्रबंधन, वाणिज्य व कानून क्षेत्र के अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा अभिनव परियोजना विचार प्रस्तुति का कार्यक्रम था। यह कार्यक्रम एसोसिएशन ऑफ इण्डियन यूनिवर्सिटी के द्वारा 2007 से इस अन्वेषण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में भारत में शैक्षणिक शोध समुदाय को नवाचारी विचारों और छात्रवृत्ति को बढावा देने के लिए एक जीवंत मंच प्रदान किया है। अन्वेषण के उद्घाटन समारोह सत्र में अधिष्ठात्री सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय ने छात्र–छात्राओं को संबोधित करते हुए इस कार्यक्रम द्वारा नवीनतम विचार प्रस्तुति का महत्व बताया। डा. अल्का गोयल ने विद्याथियों के भीतर छिपे प्रतिभा जो एक विचार प्रस्तुति द्वारा सबके समक्ष आएगी उसकी सराहना की तथा विश्वविद्यालय स्तर पर इस प्रकार की प्रतियोगिताओं की महत्वा के बारे में भी बताया। सामाजिक विज्ञान थीम के अंतर्गत पंद्रह टीमों ने विभिन्न महाविद्यालयों से प्रतिभाग किया। सभी टीमों द्वारा प्रथम सत्र में पोस्टर प्रस्तुति की गई जिसमे टीम के सदस्यों द्वारा निर्णायक मण्डल दल के सामने अपने आइडिया जैसे अन्नदाता फार्म टू होम, बायोमेडिकल बेस्ट मैनेजमेन्ट, ऐल्गी, बायोफ्यूल,येश टू ऐड, कम्यूनिटी फॉर ह्यूमैनिटी इत्यादि के बारे में सक्षेप में जानकारी दी गई। पोस्टर मूल्यांकन के पश्चात्, चयनित टीमों ने अपने परियोजना के बारे में विस्तार से प्रस्तुति में बताया। निर्णायक दल में श्री हरिबस सिंह चुग, आई.ए.एस आफिसर तथा पूर्व सचिव कृषि डा. सरिता श्रीवास्तव, सेवानिवृत्त प्राध्यापिका, गृह विज्ञान महाविद्यालय तथा श्री राहुल क्रीती उघमी (शिवाय एग्रो टैक) इत्यादि के निर्णायक दल मौजूद रहे। विश्वविद्यालय स्तर पर चयनित टीम, अगले दुसरे चरण जो कि जोनल स्तर पर होंगे वहां अपनी प्रस्तुति प्रस्तुत करेगें। कार्यक्रम के समापन सहारोह में श्री हरिबस सिंह चुग व निर्णायक दल के सदस्यों ने कार्यक्रम के सफलतापूर्वक समापन पर आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रस्तुतियां अत्यत सराहनीय है व देश के विकास में अत्यंत हितकर है। नवीनतम विचार पर सोच–विचार विद्यार्थियों के मानसिक स्तर पर बहुत लाभांवित करते है तथा उघमिता के क्षेत्र के द्वार भी खोलते है। महाविद्यालय स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन डा. छाया शुक्ला, डा. गोविन्द कुशवाहा, डा. शैफाली मैसी व डा. अमित केसरवानी द्वारा अधिष्ठात्री डा. अल्का गोयल की अध्यक्षता में किया गया। अन्वेषण कार्यक्रम में विश्वविद्यालय स्तर कोडिनेटर डा. आर.एस. जादौन, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. ए.एस जीना एवं सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय से डा. मनीषा गहलौत, डा. सीमा क्वात्रा, डा. अर्चना कुशवाहा, डा. अनुपमा पाण्डे एवं अन्य गणनान्य व्यक्ति व फैक्ल्टी मौजूद थे।